हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

13 दस दिन बाद होगी स्मार्ट क्लास से सिर्री हाईस्कूल...



15 धान खरीदी : कहीं किसान खुश, तो कहीं निराश




## खबर संक्षेप

### अमाली में आज से क्रिकेट प्रतियोगिता

**नगरी।** ग्राम अमाली में आज से पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 20026 और द्वितीय पुरस्कार 10026 रुपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 700 रुपये है। यह जानकारी अध्यक्ष हरीश साहू, उपाध्यक्ष महेश ध्रुव, सचिव नागेन्द्र ध्रुव, कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, कप्तान बंटी ध्रुव ने दी।

### नारी में घासीदास जयंती और मड़ई आज

**सिर्री।** ग्राम नारी में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 25 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाई जायेगी। मड़ई मेला का आयोजन होगा।



दिन में बालिका पंथी पार्टी दूधवारा की प्रस्तुति होगी। रात्रि में परसा के फूल कवर्धा का आयोजन होगा।

### पंथी प्रतियोगिता 25-26 को, 27 को जयंती मड़ई

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर पंथी प्रतियोगिता 25 एवं 26 दिसंबर को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 5051 रु, द्वितीय पुरस्कार 3333 रु, तृतीय पुरस्कार 2222 रुपये दिया जायेगा। 27 दिसंबर को जयंती मड़ई होगी। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सुर संगम अंनत छत्तीसगढ़ लोककला मंच आकाश आनंद जांजगीर चांपा की प्रस्तुति होगी। तैयारी में समाजजन एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### मुल्ले में पंथी नृत्य 25 से, मड़ई 27 को

**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर ग्राम में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 दिसम्बर को किया गया है। 27 दिसंबर शनिवार को मड़ई मेला होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मया के संदेश कोल्दा बागबाहरा का नाचा कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष रतिराम कोठरे, देवकुमार बघेल उपाध्यक्ष, बहुरराम कोसले कोषाध्यक्ष, युगेश चतुर्वेदी सचिव, प्रहलाद कोठारे, गुलाब रात्रे, राजकुमार कोठरे, किन्नु बांधे, विक्रम कोठरे, जितेन्द्र चतुर्वेदी जुटे हुए हैं। यह जानकारी अध्यक्ष रतिराम कोठरे ने दी।

### लाईवलीहुड कॉलेज में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन (घरेलू वायरिंग), फील्ड टेक्नीशियन एसी और सुरक्षा गार्ड पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 31 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### मैदान में अचेत पड़ा मिला युवक, मौत

**धमतरी।** गौशाला मैदान के पास अचेत पड़े युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार विंध्यवासिनी मंदिर वार्ड निवासी शंभू चौहान पिता सुनील उम्र 35 वर्ष नगर निगम में साफ-सफाई का काम करता था। युवक शराब सेवन का आदी था। मंगलवार को भी युवक ने शराब का सेवन किया था। इसी हालत में युवक गौशाला मैदान की तरफ जा रहा था। कुछ देर बाद युवक अचेत हालत में पड़ा मिला। जानकारी होने पर परिजन युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

सर्व हिंदू समाज, चैंबर ऑफ कॉमर्स, कैट और अन्य संगठनों के पदाधिकारी जुटे रहे

# कांकेर घटना के विरोध में धमतरी रहा बंद





■ आमजनों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद कर एकजुटता का दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांकेर जिले के आमाबेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बड़े तेवड़ा में हुई हिंसक घटना और कथित धर्मांतरण के विरोध में बुधवार को धमतरी में व्यापक बंद और जनआक्रोश देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों के संयुक्त आह्वान पर शहर की अधिकांश दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान और निजी संस्थान सुबह से ही बंद रहे। आमजनों ने स्वेच्छा से बंद का समर्थन कर एकजुटता का परिचय दिया।

सुबह से ही सर्व हिंदू समाज, चैंबर ऑफ कॉमर्स, कैट और अन्य संगठनों के पदाधिकारी शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में सक्रिय रहे। उन्होंने व्यापारियों से संपर्क कर बंद को सफल बनाने की अपील की। कुछ स्थानों पर दुकानें आंशिक रूप से खुली दिखाई दीं, लेकिन संगठनों के प्रतिनिधियों के पहुंचते ही व्यापारियों ने सहयोग करते हुए शटर गिरा दिए। जनहित को ध्यान में रखते हुए अस्पताल, मेडिकल स्टोर, एंबुलेंस सेवा और अन्य आपातकालीन सुविधाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं।

दोपहर को शहर के घड़ी चौक में एक सभा आयोजित की गई। सभा में वक्ताओं ने कांकेर की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की और इसे सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर चुनौती बताया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी प्रकार का जबरन या कथित धर्मांतरण समाज में तनाव पैदा करता है और इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

सभा के बाद घड़ी चौक से जनआक्रोश रैली निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और व्यापारी शामिल हुए। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए प्रदर्शनकारियों ने अनुशासन के साथ अपनी बात रखी। रैली के दौरान पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हुई। आयोजकों ने कहा कि यह बंद किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज में शांति, कानून व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए है।

इस दौरान सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष महेश रोहरा, महासचिव अशोक पवार, संरक्षक दीपक लखोटिया, जानकी शर्मा, श्याम अग्रवाल, बिशेषर पटेल, हरजिंदर सिंह छाबड़ा, श्याम अग्रवाल, यशवंत साहू, विजय गोलछा, पवन अग्रवाल, वरुण राय, दिलीप पटेल, गणेशराम साहू, दीपक ठाकुर, राजू सोनकर, राजकुमार पटेल, योगेश साहू , नन्दलाल जसवानी, धनेश्वर निर्मलकर, कैलाश कुकरेजा, राजा रोहरा, कपिल देशलहरे, पुरुषोत्तम निषाद, प्रतीक सोनी, कोमल सार्वा, विजय ठाकुर, प्रिंस जैन, लक्षमण पहलवान, चित्रेश साहू, अमन राव, भूपेंद्र मिश्रा, हेमराज सोनी, ज्योति साहू, शशांक कृदत, मनीष पटेल, शैलेश चंद्राकर, महेन्द्र खंडेलवाल, देवेंद्र मिश्रा, अजय साहू, नीलमणि साहू, लक्ष्मण राव मगर, विनोद रणसिंह, शैलेष चंद्राकर, संदीप अग्रवाल, पीयूष पारख, देवेंद्र अजमानी, बसंत मीनपाल सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों और व्यापारिक संस्थाओं से जुड़े लोग उपस्थित थे।

### ज्ञापन देने पहुंचे हिंदू समाज को मिली गाली तहसील व कोतवाली में फूटा आक्रोश



सर्व हिंदू समाज के सदस्य जब एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपने पहुंचे, उसी दौरान एक गंभीर और विवादित मामला सामने आया। बताया गया कि तहसील कार्यालय में कार्यरत एक प्राइवेट महिला मुंशी ने हिंदू समाज को अपशब्द कहे। इसे मौके पर मौजूद दो लोगों ने स्पष्ट रूप से सुना, जिन्होंने तुरंत इसकी जानकारी सर्व हिंदू समाज के पदाधिकारियों को दी। इससे सर्व हिंदू समाज के सदस्य आक्रोशित हो उठे और सीधे तहसील परिसर से कोतवाली थाना पहुंचे। वहां उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए घटना का कड़ा विरोध दर्ज कराया। समाज के सदस्यों ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताते हुए पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा और संबंधित महिला मुंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

### जिले में गौरव के साथ मनेगा वीर बाल दिवस

■ आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा दसवें सिख गुरु गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्रों साहिबज़ादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की अद्वितीय शहादत को नमन करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। यह दिवस बाल वीरता, साहस, त्याग, धर्मनिष्ठा एवं देशभक्ति की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विशेष प्रार्थना सभाएं, साहिबज़ादों के जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग, विचार गोष्ठियां, भाषण प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने संबंधित जिला विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि आयोजित कार्यक्रमों का प्रतिवेदन एवं गतिविधिवार फोटोग्राफ्स निर्धारित लिंक पर अपलोड किए जाएं। सभी स्तरों एवं इकाइयों में आयोजित वीर बाल दिवस की जानकारी सहित गतिविधिवार फोटोग्राफ्स 29 दिसंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग जिला धमतरी में उपलब्ध कराएं।

# जंगल में पेड़ पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

■ उरपुटी की घटना, शौच जाने के लिए निकली थी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शौच जाने के लिए निकली एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध हालत में जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम उरपुटी निवासी चांदनी कमार उम्र 22 वर्ष पति उसवन की शादी पांच माह पहले जुलाई में हुई थी। मृतिका का मायका अमलीपारा दल्लीराजहरा है।



शादी के बाद महिला ससुराल उरपुटी आ गई।

सोमवार की सुबह चांदनी अपनी सास को शौच जाने की बात कहकर घर से जंगल के लिए निकली थी जो शाम तक वापस घर नहीं लौटी। महिला के नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास उसकी तलाश शुरु कर दी। लेकिन रात तक महिला की कोई जानकारी नहीं मिली। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह लापता नवविवाहिता का शव गांव से दो किमी दूर भेलवाकोना के जंगल में पेड़ पर साड़ी के फंदे में लटकी मिली। जानकारी होने के बाद परिजनों ने केरेगांव पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस दोपहर में घटनास्थल भेलवाकोन्हा के जंगल पहुंची जहां नवविवाहिता का शव पेड़ की ऊंची शाखा में उसकी पहनी साड़ी के फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को शाम तक जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराका परिजनों को सौंप दिया।

प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वहीं परिजनों ने बताया कि मृतिका पांच माह पहले शादी होकर आई थी। वह शुरु से चुपचाप रहती थी। उसकी दिमागी हालत सामान्य नहीं थी। फिलहाल मृतिका की मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने से मामला संदिग्ध बन गया है।

# वाटर फिल्टर प्लांट में मिला अजगर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वाटर फिल्टर प्लांट में अजगर मिला जिसे सर्पमित्र ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा।

नहर किनारे स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 8 फीट का अजगर देख कर्मचारियों ने सर्पमित्र सूर्यकांत साहू को सूचना दी। सूर्यकांत तत्काल वाटर फिल्टर प्लांट पहुंचे और रेस्क्यू कर अजगर को जंगल में छोड़ दिया। सर्पमित्र के अनुसार अजगर फिल्टर प्लांट के चेम्बर तक पहुंच सकता था। अजगर जहरीला सांप नहीं होता



जबकि रसैल वाइपर बहुत अधिक जहरीला होता है। बीते दिनों रसैल वाइपर का रेस्क्यू किया गया था।



# रबी फसल बीमा में किसानों का रूझान नहीं

■ पिछले साल की तुलना में 40 प्रतिशत से कम बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस रबी में दलहन तिलहन फसल में रिकार्ड बढ़ोतरी होने का अनुमान है लेकिन किसानों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर रूझान नहीं है। कृषि विभाग शहर सहित गांवों में बीमा कराने शिविर लगा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सिंचित असिंचित गेंहू, चना, राई, सरसों, अलसी का फसल बीमा किया जा चुका है जिसके तहत हटकेशर वार्ड स्थित नाग मंदिर चौक में शिविर लगाया गया। भारतीय कृषि बीमा कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि सोमवार को हटकेशर के दो दर्जन से अधिक किसानों ने रबी फसल का



बीमा कराया है। 31 दिसम्बर तक बीमा होगा। रेग की खेती करने वाले किसान तथा जमीन मालिक दोनों में से एक बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं।

बीमा कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2024-25 में 8222 किसानों ने 8210 हेक्टेयर में रबी का बीमा कराया था। सोमवार दोपहर 2 बजे तक जिले में 3558 किसानों ने 3575.53 हेक्टेयर का रबी फसल बीमा कराया है। हालांकि बीमा का अंतिम समय अभी 10 दिन शेष है। उम्मीद है कि पिछले साल की तुलना में इस साल दलहन तिलहन का रकबा बढ़ेगा। शिविर में बीमा कराने किसान शांतिलाल देवांगन, संतोष मीनपाल, जगतराम साहू, मयाराम पटेल, सालिकराम पटेल, जनक साहू, सुनील देवांगन, विनोद पटेल आदि पहुंचे थे।

# कलेक्टर मिश्रा ने रेलवे, न्यू बस स्टैंड और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर शहर के समग्र विकास की दिशा में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने को-वर्किंग सेंटर,बालक चौक, धमतरी रेवे स्टेशन, अटल परिसर एवं शहर से सटे अर्जुनी क्षेत्र का भ्रमण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बालक चौक स्थित नगरनिगम के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का अवलोकन किया, जहां वर्तमान में अनसोल्ड प्रॉपर्टी एवं तीसरे फ्लोर में बीपीओ स्थापित किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि यह पहल न



केवल नगर निगम की आय में वृद्धि करेगी, बल्कि जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी एक ही परिसर में उपलब्ध कराएगी। यह कॉम्प्लेक्स भविष्य में स्टार्टअप, आईटी आधारित सेवाओं एवं आधुनिक कार्य संस्कृति का केंद्र बनेगा। कलेक्टर ने धमतरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्टेशन को सुव्यवस्थित एवं आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में प्रवेश-निकासी मार्ग, यात्री सुविधाओं, माल परिवहन (गुड्स ट्रेन) एवं रैक संचालन की संभावनाओं का परीक्षण किया गया है।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी पीयूष तिवारी, उपायुक्त नगर निगम पीसी सार्वा, सहायक संचालक कौशल विकास शैलेंद्र गुप्ता सहित नगरनिगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




उन्हारी फसल के कारण सूखे हैं खेत, चारों ओर से पहुंच रहे जानवर

# चना गेहूं की फसल को चट कर रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में चारा नहीं मिलने पर मवेशी गांव की ओर रूख कर रहे हैं। चना, गेहूं, लाखड़ी सहित अन्य फसल को ये मवेशी चट कर रहे हैं। अर्जुनी, खपरी, तेलीनसत्ती सहित अन्य शहर के आसपास गांवों में खेती करना किसानों के लिए मुसीबत बन गया है।

प्रशासन की सलाह पर किसानों ने इस साल धान की जगह उन्हारी फसल पर ध्यान दिया है। ग्राम खपरी, भानपुरी सहित कई गांवों में किसानों ने चना, गेहूं, लाखड़ी, मटर, सरसों सहित अन्य फसल लगाई है। इन फसलों को मवेशियों से बचा पाना किसानों के लिए चुनौती बन गया है।



सुबह से शाम तक खेतों में बैठने के बाद भी वे मवेशियों से फसल को नहीं बचा पा रहे हैं। दिन भर खेत में किसानों को देखकर मवेशी अब रात में खेतों में जाकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई किसानों ने थक हारकर रखवाली करना ही बंद कर दिया है। वहीं कई किसान खेतों की फेंसिंग कर रहे हैं। इसके बाद भी मवेशियों का आतंक जारी है। किसानों ने प्रशासन से मवेशियों पर नियंत्रण का उपाय करने की मांग की है।

किसानों ने बताया कि अभी फसल में कल्ले आने का समय है। छोटे-छोटे पौधों को ही मवेशी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर देते हैं। ऐसे में पौधे बढ़ ही नहीं पा रहे हैं। खेतों में मवेशी 25-30 की संख्या में हमला बोलते हैं। एक ही हमले में किसान की 20-25 प्रतिशत फसल नष्ट हो जाती है। किसान होम साहू, वेद साहू सहित अन्य किसानों का आरोप है कि शहर से पकड़े गए मवेशियों को अर्जुनी गोठान में रखा जाता है। जिन मवेशियों कोई छुड़ाने नहीं आता है, गोठान के कर्मचारी उन गांवों को गांव की ओर खुला छोड़ देते हैं। इससे अर्जुनी, तेलीनसत्ती, खपरी सहित आसपास के गांवों में आवारा मवेशियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। ये मवेशी फसल को बुरी तरह से क्षति पहुंचा रहे हैं।

### मवेशियों को अर्जुनी गोधाम में रखें

किसान युवराज शर्मा, गिरधर साहू, खेमराज सिन्हा ने बताया कि खपरी, तेलीनसत्ती में मवेशियों का काफी आतंक है। कई बार ग्रामीण इसकी शिकायत अधिकारियों से कर चुके हैं। इसके बाद भी कोई राहत नहीं मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पशुपालक भी दिन में अपनी मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। रात में बाहर के मवेशी आते हैं। फसल न दिन में सुरक्षित है और न ही रात में। उन्होंने कहा कि गोधाम योजना के तहत अर्जुनी गोठान का चयन किया गया है। यहां पर गांव में आतंक फैलाने वाले मवेशियों को रखा जा सकता है।

### बेंद्रानवागांव में मड़ई 25 दिसंबर को

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से बेंद्रानवागांव में 25 दिसंबर को मड़ई रखी गई है। रात में राम लखन का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच प्रशुन संजय शुक्ला, उत्तरा दामिनी ने दी।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 जनवरी को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा विवाह योग्य दिव्यांग युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 4 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर प्रांगण कुरुद में रखा गया है।

## निधन

### राजेश्वर साहू

**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली के प्रतिष्ठित व्यक्ति राजेश्वर साहू का निधन 22 दिसंबर सोमवार को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मड़ेली के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर उषा साहू, दिनेश साहू, मनीष साहू, कोमेश साहू, गांधीराम, पोखराज, नीरज, चिम्मन, भेषन, भास्कर, मनमोहन, धनंजय, योगेश ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### पुष्पा बाई यादव

**धमतरी।** शांति चौक सोरिद वार्ड निवासी श्रीमती पुष्पा बाई यादव



(75 वर्ष) का निधन 24 दिसम्बर को हो गया । वे जगमोहन यादव की पत्नी एवं संजीव यादव की माता थीं। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सोरिद में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक एवं समाजिकजन सम्मिलित होकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कुमारी बाई गंजीर

**धमतरी।** ग्राम ढीमरटिकुर निवासी श्रीमती कुमारी बाई गंजीर का निधन



बीते सोमवार को हो गया। वे परदेशीराम गंजीर की पत्नी, खेलन गंजी की भाभी, जनपद सदस्य हरनारायण गंजीर की मां व ऋषभ गंजीर की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में समाजजन सहित ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**
**// नोटिस //**
क्रमांक/ / तह./वा./2025 धमतरी दिनांक 22/12/2025
प्रति,
भैयाराम सतनामी पिता परदेशी राम
निवासी जोधापुर तहसील व जिला धमतरी
विषयः-आगामी सुनवाई तिथि को उपस्थिति प्रस्तुत करने बाबत्।
संदर्भः- इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202501130700009 अ-6 वर्ष 2024-2025 ।
--00--
उपरोक्त संदर्भित विषयांर्गत लेख है आवेदक नंदकुमार बंजारे पिता स्व. श्री महंतराम बंजारे जाति सतनामी निवासी जोधापुर डाकबंगला वार्ड धमतरी तह. व जिला धमतरी द्वारा ग्राम धमतरी प.ह.नं. 33 स्थित भूमि 16 का टु. रकबा 0.02 डि./0.008 हे. को विक्रेता रामगुलाल पिता हरदास जाति सतनामी से दिनांक 22/03/1978 को आवेदक के पिता महंतराम बंजारे द्वारा क्रय किया गया था। उपरोक्त भूमि का नामांतरण नहीं कराया जा सका था। विक्रेता रामगुलाल के मृत्यु के पश्चात फौती नामांतरण में उक्त संपत्ति पर विक्रेता की पत्नि चौतीबाई का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया। चौतीबाई की मृत्यु दिनांक 28/12/2016 को निःसंतान हो गया। उसके पश्चात अनावेदक भैयाराम सतनामी पिता परदेशी राम सतनामी निवासी जोधापुर धमतरी द्वारा उक्त संपत्ति पर अपना नाम दर्ज करवा लिया गया। बिक्रीपत्र एवं कब्जा के अनुसार अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम दर्ज किये जाने का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर जांच हेतु राजस्व प्रकरण कमांक 202501130700009 वर्ष 2024-25 मद अ-6 में पंजीबद्ध कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त प्रकरण के संबंध में दिनांक 05/01/2026 को उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित है। उपरोक्त दिवस को आपके अनुपस्थिति या आपके या अभिभाषक के माध्यम से कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आपकी मौन स्वीकृति मानी जावेगी एवं एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके संपूर्ण जवाबदेही आपकी होगी। नियत समयावधि पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

### पीआईसी की बैठक में लिया निर्णय, 12 जनवरी को नपा कुरुद का होगा विधिवत शुभारंभ

# मांगलिक भवन अब स्वामी विवेकानंद के नाम से जाना जायेगा

■ नपा अध्यक्ष ज्योति की अध्यक्षता में नगर विकास से जुड़े 11 बिंदुओं पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



नगर पालिका कुरूद के अध्यक्ष कक्ष में नगरपालिका की पांचवी पीआईसी बैठक अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुई जिसमें 11 बिंदुओं वाले नगर विकास के एजेण्डे एवं अन्य विषय पर चर्चा कर सहमति प्रदान की गई। प्रमुख रूप से केनाल रोड पर बने मांगलिक भवन का नाम बदलकर स्वामी विवेकानंद भवन करने एवं उनकी जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को नगर पालिका का विधिवत शुभारंभ किये जाने का निर्णय पारित किया गया।

बुधवार को नपा अध्यक्ष कक्ष में आहूत इस बैठक में स्वामी विवेकानंद मंगल भवन केनाल रोड का लोकार्पण, अटलबिहारी बाजपेयी स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण, नगर पालिका भवन का भूमिपूजन, अटलबिहारी वाजपेयी स्टेडियम में खेल मैदान के विस्तार के लिए भूमिपूजन, व्यावसायिक काम्पलेक्स का लोकार्पण-भूमिपूजन, नगर में विभिन्न रोड, नाली, तालाब सौंदर्यीकरण, साहू छात्रावास भवन बाईपास रोड में इंडोर स्टेडियम का भूमिपूजन सहित नगर के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक अजय चन्द्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी के आतिथ्य में संपन्न करवाने व नगर को सुंदर बनाने एवं व्यवस्थित कुरूद बनाने संबंधी जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में नगर पालिका कुरूद अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, सभापतिगण मिथिलेश बैस , महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सलाहकार समिति के सदस्यगण कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुप्ता, इंजीनियर श्री साहू एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

#### इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुआ निर्णय पारित

बैठक में मुख्य रूप से नपा अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर की विशेष पहल पर केनाल रोड में बने मांगलिक भवन को स्वामी विवेकानंद मंगल भवन के नाम से नामकरण के लिए प्रस्तावित किया गया। उसी जगह में लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद की विशालकाय मूर्ति का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया जाने, इसके साथ ही पुराने बस स्टैंड के पास जनपद काम्लेक्स को छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता व्यावसायिक परिसर के नाम सें नामकरण एवं लोकार्पण करने का निर्णय किया गया। प्रथम चरण मे केनाल रोड को आम नागरिकों के लिए वर्किंग ट्रेड बनाने आदर्श रोड के रूप में चयनित कर शासन को प्रस्ताव भेजने, आदर्श रोड के रूप डा. एपीजे अब्दुल कलाम गार्डन रोड से वन्देमातरम वार्ड में दाऊ गंगा प्रसाद मार्ग को भी आदर्श रोड बनाने निर्णय किया गया। द्वितीय चरण में बस स्टैंड से लेकर कारगिल चौक और कारगिल चौक से लेकर बाईपास वीरनारायण चौक तक आदर्श रोड बनाने शासन को संकल्प पत्र भेजने निर्णय किया गया। नगर के गौठान परिसर में नागरिकों की पंजीकृत समिति द्वारा गौशाला संचालित कर मवेशियों के लिए उचित व्यवस्था करने एवं संचालित करने नगरपालिका द्वारा व्यवस्था देने निर्णय किया गया। केनाल रोड किनारे शासकीय जगहों पर बाउंड्रीवाल निर्माण करने अतिक्रमण रोकने शासन को प्रस्ताव भेजकर दीवारों में पेंटिंग बनाकर सुसज्जित कुरूद के निर्माण करने निर्णय किया गया। वार्ड क्रमांक 9 बने हिन्दू मुक्तिधाम में बाउन्ड्रीवाल बनाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही कुरूद नगर को सुसज्जित करने गार्डनों को कायाकल्प करने नगर विकास के कार्यों के लिए विभिन्न निर्णय किया गया।

# धर्मांतरण के विरोध में नगरी पूरी तरह बंद रहा





■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कांकेर जिले में धर्मांतरण के विरोध में हिंदू संगठनों द्वारा किए गए आह्वान पर बुधवार को नगरी नगर पूरी तरह बंद रहा। बंद का असर सुबह से ही देखने को मिला। नगर की अधिकांश दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार एवं निजी संस्थान स्वेच्छा से बंद रहे और लोगों ने बंद को समर्थन दिया। सामान्य दिनों की तुलना में सड़कों पर आवाजाही काफी कम रही।

हिंदू संगठनों का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में जबरन एवं प्रलोभन देकर धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसके विरोध में यह बंद आयोजित किया गया। बंद के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बाइक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस रैली में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, महामंत्री रूपेंद्र साहू, प्रेमलता नागवंशी, भावेश चोपड़ा, वरिष्ठ भाजपाई रवि शंकर दुबे, सभापति अश्वनी निषाद, पार्षद राजा पवार सहित नगर पंचायत के अनेक पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बंद के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। नगरी थाना प्रभारी चक्रधर बाघ अपने पुलिस स्टाफ के साथ नगर के प्रमुख चौक -चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं बाजार इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग करते नजर आए। पुलिस द्वारा हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी गई ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस प्रशासन ने सभी समुदायों से शांति बनाए रखने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि नगर की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था बनी हुई है। आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से चालू रहीं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय नागरिकों ने भी शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग किया।

### आर्मी भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी तक

**धमतरी।** आगामी 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक आर्मी भर्ती रैली का आयोजन स्थानीय



बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आर्मी भर्ती रैली के सफल आयोजन के लिए आयुक्त, नगर निगम श्रीमती इंदिरा देवहारी को नोडल अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी, प्रभारी जिला खेल अधिकारी को सहायक नोडल अधिारी नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

■ रैली के आयोजन के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

# भखारा में बंद को मिला पूर्ण समर्थन, दुकानें रहीं बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

धर्मांतरण के विरोध में हिंदू संगठनों द्वारा किए गए आह्वान पर बुधवार को भखारा नगर पूरी तरह बंद रहा। बंद का असर सुबह से ही देखने को मिला। नगर के अधिकांश दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार और निजी संस्थान बंद रहे। सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में आवाजाही काफी कम रही। कांकेर की घटना के विरोध में भखारा में बुधवार को दोपहर तक दुकानें पूरी तरह बंद रही। बुधवार को भखारा क्षेत्र का सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार लगने के कारण शाम को चार बजे स्थानीय दुकानदारों ने दुकान खोला। बंद के दौरान कहीं अप्रिय घटना नहीं घटी और पुलिस प्रशासन ने चौक चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था पर निगाह बनाई रखी थी। बताया जाता है कि कांकेर के बड़ेतेवड़ा में हुई घटना की तरह धर्मांतरित व्यक्ति के शव दफन करने को लेकर भखारा चरोटा, गातापार, कुर्रा में भी विवाद की स्थिति बनी थी।

### बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई

# नगरी में 9 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



आरएसएस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 2025 के तहत नगरी और फरसियां मंडल के संयुक्त आयोजन में हिंदू सम्मेलन 9 जनवरी को राजाबाड़ा मैदान नगरी में किया गया है। आयोजन की तैयारी को लेकर डॉ जीआर देवांगन के निवास में बैठक हुई।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि पं. युवराज पाण्डेय कथा वाचक अमलीपदर मैनपुर, मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख छग, विशिष्ट अतिथि बीके निशा साहू, शिक्षिका हाईस्कूल सिहावा होंगी। कार्यक्रम के संयोजक आरएल देव व मोहन नाहटा ने बताया कि बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई। नगरी मंडल के 14 गांव नगरी, चुरियारा, तुमबाहरा, मुकुंदपुर, कर्राघाटी, हरदीभाटा, चमेदा, देवपुर, बोधसेमरा, बिरनपुर छिपली, मोदे, अमाली, संबलपुर एवं फरसियां मंडल के 14 गांव फरसियां, निर्राबेड़ा, चंदनबाहरा, गोरेगांव, सामतरा, टेंगना, भैंसामुड़ा, खुदुरपानी, मटियाबाहरा, चारगांव, जबर्रा, खरका, बोडरा, घोरागांव शामिल होंगे। मौके पर सहसंयोजक परमेश्वर सोनबेर, सहसंयोजक शकुन कश्यप, सहसंयोजक सुलोचना सिन्हा, निशा साहू, प्रतिमा देवांगन, सचिव तुलसीराम साहू, कोषाध्यक्ष मोहन नाहटा, कार्यकारिणी सदस्य मौरज पटेल, हृदय साहू, अजय नाहटा, कमल डागा, बलजीत छाबड़ा, अश्वनी निषाद, दीनदयाल यादव, रामविलास सिन्हा, नरेंद्र नाग, बिट्टू खनूजा, सरपंच फरसियां केशव टेकाम, शिवदयाल साहू, डॉ. गोकुलराम देवांगन, मोतीलाल दिवाकर, अधिवक्ता आरपी साहू, दिनेश्वरी नेताम, रेखराम साहू, हेमंत पटेल, सुरेशचंद, यशराज साहू व महेन्द्र नेताम शामिल हुए।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर सुखराम नागे महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी

# रामानुजन ने गणित में 3900 से अधिक गणितीय सूत्र दिए



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में गणित दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन, विज्ञान प्रभारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन एवं गोपाल देवांगन के सहसंयोजन में हुआ। श्रीनिवास रामानुजन ने गणित में 3900 से अधिक गणितीय सूत्र दिए जिनमें से कई आज भी अनुसंधान और औद्योगिकी में उपयोगी है। संगोष्ठी में डॉ. मनदीप खालसा ने श्री निवास रामानुजन का जीवन परिचय दिया जिसमें उनके बाल्यावस्था से लेकर शैक्षणिक जीवन एवं विदेश में किए गये कार्यों तथा उपलब्धियां शामिल है। विज्ञान प्रभारी प्रो. कौशल नायक ने बताया कि यदि विद्यार्थी की रुचि हो तो आप किसी भी क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं। बीएससी अंतिम वर्ष गणित के छात्र मो. अफजल ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी से सीख मिलती है कि सुविधा के अभाव में कैसे अपने लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। मंच संचालन गोपाल देवांगन अतिथि व्याख्याता गणित ने किया। कार्यक्रम में भूषण साहू का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्रो. आरआर मेहरा, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. मोहित कुमार, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. ममता सौरज, डा. अंबा शुक्ला, डा. संध्यारजनी मिश्रा, डॉ. वेणु साहू, डॉ. खेमचंद श्रीमती, उर्वशी साहू, डिलेश्वरी पटेल, नेहा राजन, सीता नेताम, सौरभ पांण्डेय, प्रमोद चौरे, सागर मंण्डावी, मनोज बारले, अविरल तिवारी, अब्बास मेमन, लाकेश, भूषण साहू, गंगाधर साहू उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मेघा में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन



**मगरलोड।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण पश्चात कलेक्टर के आदेश पर ग्राम पंचायत मेघा में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। इस अवसर पर सरपंच मनीषा ध्रुव, उपसरपंच छत्रपाल साहू, सचिव रमेश ध्रुव, सोसाइटी प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी, पंच बेदराम साहू, तुलेश निषाद, धर्मेंद्र साहू, पदमनी सोनी उपस्थित थे।

### सिलीडीह में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**जीजामगांव।** ग्राम सिलीडीह में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 दिसंबर मंगलवार को हुआ। शुभारम मैच जरवायडीह और नवागांव के बीच हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रुचि पेखन देवांगन सरपंच सिलीडीह, रामबिशाल साहू उपसरपंच, देवजानी पंच, अर्जुन पंच, पवन देशलहरा, पप्पू कंवर थे।

### मांदागिरी पर्वत पर हुआ सामूहिक योग एवं ध्यान



**नगरी।** विश्व ध्यान दिवस पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा गौतम ऋषि की तपोभूमि मांदागिरी पर्वत पर सामूहिक योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजयोगिनी भावना ने सामूहिक रूप से ध्यान कर विश्व शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में मानसिक सुकून के लिए मेडिटेशन आवश्यक है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों पर नियंत्रण प्राप्त करता है, जिससे मन शांत एवं स्थिर होता है। मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। यह केवल मन और बुद्धि तक सीमित न होकर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। ध्यान से शरीर स्वस्थ, ऊर्जावान और सक्रिय बनता है। सभी साधकों ने ध्यान करते हुए विश्व शांति, सुख और समृद्धि का संकल्प लिया।

### जनपद सभापति, सरपंच ने पिलाई पोलियो की खुराक



**सिर्री।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम पंचायत चारभाठा में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। शकुंतला देवांगन सभापति जपं कुरूद, सरपंच चंद्रकला देवांगन ने आंगनबाड़ी बूथ पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी देवांगन, सहायिका धनेश्वरी निषाद, मितानिन कौशिल्या निषाद, सुमित्रा साहू उपस्थित रहीं।

### मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन



**डांडेसरा(धमतरी)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूरे देश में लगातार लगभग तीन माह से मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए एसआईआर के तहत गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इसी कड़ी में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में कुरुद रिटर्निंग ऑफिसर नभसिंह कोसले ने अपने कुरुद विधानसभा क्षेत्र 57 के सभी ग्रामों में दिन रात एक करके अपने सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सुपर वाईजर व अपने बीएलओ के माध्यम से निर्धारित समय में ऑनलाइन काम पूरा कर 23 दिसंबर को सभी मतदान केंद्रों के पंचायत भवन में मतदाता सूची 2026 का प्रकाशन कराया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत भवन डांडेसरा में भी तथा चर्रा, भालूझुलन, कन्हारपुरी, भुसरेंगा, चोरभट्टी की मतदाता सूची का प्रकाशन कर सर्व मतदाताओं के अवलोकनार्थ रखा गया ताकि सभी मतदाता अपना नाम सूची में देख सके और किसी तरह की त्रुटि पर आपत्ति पेश कर सके। इस अवसर पर सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, ग्रामीण उपाध्यक्ष पंकज जोशी, बीएलओ तीजन साहू व सरस्वती लहरे, वार्ड पंच कमलेश्वरी साहू, मोहिनी साहू, नरेश्वरी साहू, पर्यवेक्षक वीरेंद्र बैस, सचिव खेदन लाल निषाद, भोलेश्वर यादव, टिकेश्वर साहू, गुलाबदास मानिकपुरी उपस्थित थे।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट होना का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

Pride of Dhamtari
अंशु ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर
SAGAR TMT
यहां रेट पूछताछ जरूर कर लेवें
प्रो. देवनारायण साहू, मौरीकला (कुरूद), जिला-धमतरी मो. 9301661519
कुरूद/नवापारा/अभनपुर से भी कम दाम पर उपलब्ध
हमारे यहां सभी प्रकार के सीमेंट और छड़ (सरिया) उपलब्ध है
जैसे - अल्ट्राटेक, जेके लक्ष्मी, श्री सीमेंट, ड्यूरागार्ड सीमेंट, छड़ (सरिया) उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

## जिला और अनुभाग स्तरीय समिति गठित

**धमतरी।** सार्वजनिक मार्गों, उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार धार्मिक संरचना का निर्माण अनाधिकृत रूप से किए जाने की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला व अनुभागीय स्तरीय समिति गठित की है। जिला मुख्यालय के नगरों हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अध्यक्ष और आयुक्त, नगरनिगम सदस्य सचिव होंगे। इसी तरह पुलिस अधीक्षक, नजूल अधिकारी, कार्यपालन अधिकारी लोक निर्माण विभाग और संभागीय अभियंता छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी सदस्य होंगे। अन्य स्थानों-अनुभाग स्तर पर समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व होंगे। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी सदस्य तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सदस्य सचिव होंगे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती दुर्गूकोंदल में मनाई

**दुर्गूकोंदल।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व सुशासन दिवस के रूप में जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में सुशासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। जनपद पंचायत सीईओ सुरेन्द्र बंजारे ने अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का शासनकाल सुशासन, पारदर्शिता और दूरदर्शी नीतियों के लिए सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर एडीशनल सीईओ आरडी ठाकुर, करोपण अधिकारी आरके किशोर सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में 19.28 लाख क्विंटल से अधिक धान किसानों ने बेचा

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों के द्वारा धान बेचा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 19 लाख 28 हजार 069 क्विंटल धान किसानों द्वारा बेचा जा चुका है। इसमें 19 लाख 06 हजार 170 क्विंटल मोटा धान तथा 20 हजार 670 क्विंटल पतला और 01 हजार 228 क्विंटल सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपार्जन केन्द्रों में खरीदी गए धान में से अब तक 41 हजार 310 क्विंटल का उठाव मिलर्स के द्वारा किया जा चुका है।

गुरु शिष्य महासम्मेलन की अंतिम रूपरेखा हुई तैयार

# 10 दिन बाद स्मार्ट क्लास से होगी सिर्री हाईस्कूल की शिक्षा गुणवत्ता में बढ़ोतरी





- सिर्री हाईस्कूल में 4 जनवरी के आयोजन को लेकर लोगों को सौंपा प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में 4 जनवरी को आयोजित गुरु शिष्य स्नेह महासम्मेलन की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सत्र 1962 से 2025 तक के बैच के सैकड़ों विद्यार्थियों की उपस्थिति उक्त दिवस पर दिखाई पड़ेगी। शिक्षा के स्तर को स्मार्ट रूप देने, नई पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल बनाने और पूर्व छात्रों के पुनर्मिलन के उद्देश्य को ध्यान में रखकर शाला विकास समिति, ग्रामीणजन सहित शिक्षक गण इस आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं। स्कूल की सजावट से लेकर स्मार्ट क्लास में मिलने वाली सुविधाओं को तैयार किया जा रहा है। पंजीयन की दर में भी बढ़ोतरी होती दिखाई दे रही है।

पूर्व छात्रगण सहित आयोजक समिति ने बैठक में इस हमर स्कूल हमर अभिमान के तहत महासम्मेलन में शत-प्रतिशत पंजीयन के लिए ग्राम के अनुसार प्रभारी बनाया। विभिन्न गतिविधियों की जिम्मेदारी दर्जनों लोगों को दी गई है। संकरी के लिए थानेश्वर तारक अधिवक्ता, किशोर साहू शिक्षक, गोजी हेतु योगेश साहू, शिवराम श्रीहोल संकरी सरपंच, डॉ बीआर गंगोई, डॉ चंद्रहास साहू, हिंच्छाराम विश्वकर्मा, चिंवरी हेतु रोहित निर्मलकर, देवेंद्र सिन्हा, रेल्हाराम साहू, मन्नू लाल साहू, सिवनीकला के लिए रामेश्वर साहू शिक्षक, यश कुमार साहू शिक्षक, द्वारिका प्रसाद चंद्राकर शिक्षक अछोटी के लिए अरुण गंजीर, रामेश्वर पटेल, आशीष साहू, आलेखुंटा हेतु पूरण लाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, नारायण साहू खूबलाल ध्रुव, मरौद हेतु डोमन प्रकाश बंजारे पटवारी, राजकुमार साहू, कुंजीलाल साहू, योगेंद्र साहू गातापार के लिए कैलाश साहू, सनत साहू, ओम प्रकाश साहू, बकली रामेश्वर साहू शिक्षक रेल्हा राम साहू, मन्नूलाल साहू, फुसेरा ढेठा, कुल्हाड़ी, खर्रा दर्रा कोटगांव के लिए रमाकांत साहू शिक्षक,देवेंद्र साहू, डेविड वर्मा, राजकुमार साहू, सिर्री के लिए सुरेश सार्वा, सीतेश्वर सिन्हा, धनेश बंजारे, देशांत सिन्हा, हेमंत साहू, हरिनारायण साहू, संतोष साहू, पिंटू सिन्हा, रोशन सिन्हा, सागर, पोषण तारक को दायित्व सौंपा गया है। गुरु शिष्य महासम्मेलन के सफल संचालन और व्यवस्थापन हेतु अलग-अलग समिति बनाई गई है। पंजीयन समिति सिर्री से रोशन, राधेरमण, गिरिजाशंकर, हरिनारायण साहू, चंद्रकांत देवांगन, चिंवरी से प्रेमलाल साहू, अंकित साहू, अछोटी से धनंजय निर्मलकर, बुद्धदेव साहू, गोजी से संजय, डॉ चंद्रहास साहू, मंचीय व्यवस्था रामेश्वर साहू बकली, आशीष साहू अछोटी, थानेश्वर तारक गोजी, कैलाश साहू गातापार, रोहित निर्मलकर, सीतेश्वर सिन्हा, सुरेश सार्वा, किशोर साहू संकरी, निरुपमा साहू धमतरी, उमेश्वरी साहू फुसेरा ललित सिंह सिर्री अनीता चंद्राकर, झलप पिथौरा बजीता साहू, चुमेश्वरी साहू, शीतल सिंहा, भोजन व्यवस्था घनश्याम साहू, तिलक साहू, द्वारिका सिन्हा, मन्नूराम साहू, संजीत साहू, शिवराम श्रीहोल, पूरनलाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, नारायण साहू, भोजराम लहरी, जयमित्र साहू, नरेंद्र ध्रुवंशी, शेखर साहू, मधु साहू, सुनीता साहू, हेमिन बंजारे, उमेश्वरी साहू, उत्प्रेक्षा, लिलेश्वरी निर्मलकर, हर्षलता यादव, विनीता, चाय नाश्ता पानी व्यवस्था डॉ योगेंद्र साहू, डॉ कपिल पटेल, विक्रम साहू, डॉ सुरेश तारक, डॉ गणेश तारक, योगेश साहू, प्रशांत साहू, गौकरण निर्मलकर, डॉ बीआर गंगोई, योगेश साहू, जीवन, मंशाराम चतुर्वेदी, किरण पाल, विजयलक्ष्मी, अनुसुइया साहू, बैठक व्यवस्था अरविंद गुरु अधिवक्ता, हेमंत साहू, रमाकांत साहू शिक्षक, जागेश्वर सिन्हा, कलीराम ध्रुव, गिरवर साहू शिक्षक, देवेंद्र साहू, देवेंद्र सिन्हा, गजेंद्र साहू, धर्मेंद्र साहू, शीतल साहू, कुंजीलाल साहू, महेंद्र दादर, राजकुमार, विकास साहू, लिलीश्रीवास, खगेश्वरी तारक, कल्याणी साहू, नूतन पाल, सावित्री साहू, लोकेश्वरी साहू मोमेंटो एवं अभिनंदन पत्र व्यवस्था की जिम्मेदारी कैलाश साहू, सनत साहू, गजेंद्र साहू, रामेश्वर पटेल, अरुण गंजीर, लोकेश साहू, द्रौपदी देवांगन, विनीता सिन्हा, डिंपल चंद्राकर, रामेश्वरी चंद्राकर पार्किंग व्यवस्था साकेत साहू, पोषण तारक, रूपेश निर्मलकर, चेतन साहू नेता, गौतम पटेल सहित प्रचार हेतु मीडिया प्रभारी पामेश देवांगन, रामनाथ शर्मा को प्रभार दिया गया है।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने में महिला कमांडो की अहम भूमिका : गौकरण



- चिंवरी में महिला कमांडो का हुआ सम्मान समारोह, साड़ी, सीटी, टोपी भेंट की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम चिंवरी के ग्राम पंचायत भवन में महिला कमांडो सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत थे। बीते महीने महिला कमांडो का गठन कर दिया गया था। उनके कार्यों की सराहना कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि गांव में नशा और अपराध को रोकने के साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने में महिला कमांडो का विशेष योगदान रहता है। मौके पर सरपंच संजीत कुमार साहू, उपसरपंच भोलाराम साहू, सचिव उपेंद्र साहू, रामदेव साहू पंच, मोतीराम निषाद पंच, भुनेश्वर साहू पंच, रवि साहू, महेश साहू भृत्य शामिल रहे।

मौके पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत एवं दाऊ टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला के सहयोग से ग्राम पंचायत ने महिला कमांडो की अध्यक्ष गायत्री साहू, उपाध्यक्ष मधु साहू, मालती निर्मलकर, मेनका ध्रुव, निर्मलाबाई, नीराबाई, सुशीलाबाई, घुरवाबाई, थनेश्वरीबाई, जानाबाई, ईश्वरी नगारची, सतरूपाबाई, लता यादव, प्रेमा यादव, आमीनबाई, हीरा यादव, गिरजाबाई, तामेश्वरी ध्रुव, ललिताबाई, प्रेमबती साहू, उषाबाई का गुलाल से स्वागत कर सम्मान किया। महिला कमांडो की टीम को साड़ी, सीटी, टोपी और डंडा प्रदान किया गया। सम्मान पाकर महिला कमांडो के चेहरे खिले नजर आए और उन्होंने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही।

## गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश



- भोथली में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं के पूर्व उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम भोथली में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर सम्मिलित हुए। उन्होंने जैतखाम, गुरुगद्दी व बाबा गुरु घासीदास के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीशु चंद्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वे एक महान संत, समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में गरीबों, दलितों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया था।

इस दौरान जनपद सदस्य दिलीप सेन, पूर्व जनपद सदस्य पूर्णिमा बनपेला, सरपंच पीपरछेड़ी (गा) नीता कौशिक, समाजसेवी सतीश चंद्राकर, ललित यादव, समिति अध्यक्ष रूपराम बघेल, उपाध्यक्ष महेश बंजारे, रामकुमार बंजारे, पंचराम लहरे, भारत चेलक, अशोक पुरैना, नेतराम बंजारे, दिलेश्वर बघेल, लुकेंद्र घृतलहरे, आर्यन बघेल समेत बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कृष्णा पब्लिक स्कूल में हुआ खेल दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृष्णा पब्लिक स्कूल में खेल दिवस का आयोजन हुआ। खेल प्रांगण को रंग-बिरंगे झंडों, बैनरों एवं आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर विनोद उपाध्याय ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खो-खो के भूतपूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राजकुमार साहू ने की। उन्होंने खेलों से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ के विषय में बच्चों को बताया। इस दौरान 100 मीटर दौड़, कबड्डी, रिले रेस, बॉल बैलेंस सहित अन्य रोचक खेल हुए। प्राचार्या पूजा सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि मानसिक विकास, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी मजबूत करते हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में शिक्षिकाओं सुप्रिया मेश्राम, देविका गुप्ता, स्वप्ना पदमवार, कल्पना सेन, भारती साहू, भैरवी गोस्वामी, प्रतिभा साहू, महिमा साहू एवं वैष्णवी शर्मा का सहयोग रहा।

# जिले में एक लाख से अधिक बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की दवा

- राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ रविवार को जिला चिकित्सालय से किया गया। अभियान की शुरुआत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक और सिविल सर्जन डॉ. एके टोण्डर द्वारा बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर की गई।

पहले दिन जिले में प्रातः 7 बजे से शाम 4 बजे तक पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्यक्रम संचालित किया गया। इस दौरान टीकाकरण बूथों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और कुछ शालाओं में बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इसके अलावा जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात ट्रांजिट दलों द्वारा दिनभर आवागमन करने वाले बच्चों को भी पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। पहले दिन अभियान के दौरान कुल 1 लाख 3 हजार 112 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया जो लक्ष्य का लगभग 93 प्रतिशत है। विकासखंडवार आंकड़ों के अनुसार गुजरा में 23,817, नगरी में 22,704, कुरूद में 27,908, मगरलोड में 15,540 और धमतरी शहरी क्षेत्र में 13,143 बच्चों को पोलियो ड्रॉप दिया गया। इस अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों, पंचायत सदस्यों और कोटवारों की सक्रिय सहभागिता रही। पोलियो ड्रॉप पिलाए गए बच्चों के बाएं हाथ की छोटी उंगली पर पोलियो इंडेलिबल मार्कर पेन से पहचान चिन्ह भी लगाया गया। अभियान के शुभारंभ पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. एके टोण्डर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेपी दीवान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. रवि किरण शिंदे, अस्पताल सलाहकार गिरीश कुमार कश्यप, मेट्रन पार्वती नेताम सहित विभागीय अधिकारी और स्टाफ उपस्थित थे।

### रामपुर वार्ड में पार्षद ने पिलाई दवा



राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस पर रविवार को रामपुर वार्ड में बच्चों को पल्स पोलियो ड्राप्स दिया गया। इस अभियान में पार्षद प्रकाश सिन्हा, स्टाफ नर्स मनीषा सिन्हा, मितानिन प्रीति साहू, भारती सोनी, वंदना नामदेव, किरणलता देवांगन का सहयोग रहा। पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस लगभग 300 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा दी गई।

## भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम अमलीडीह में राधारानी महिला समूह के तत्वावधान में आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कथावाचक सुश्री रेणुका दीदी गोस्वामी ने भागवत के दिव्य प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, धर्म, सत्य, करुणा एवं सदाचार का संदेश देते हुए मानव जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि भागवत कथा जैसे आध्यात्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं।

मौके पर नीलमणि साहू जोन अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, दीनानाथ साहू, गोपी साहू, पारसमणि साहू, धर्मेन्द्र पटेल, निराशा बाई साहू, हेमा साहू, नीतू साहू हुलेश्वरी साहू, टिकेश्वर साहू, शकुन साहू, कुलेश्वरी साहू, सीमा साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जनपद अध्यक्ष श्रीमति अंगीरा ध्रव, नगर निगम सभापत श्रीमती कौशिल्या देवांगन एवं पार्षद श्रीमती चंद्रभागा साहू ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नए भारत और मजबूत छत्तीसगढ़ के निर्माण की नींव है। उन्होंने कहा कि जो युवा आज मैदान में पसीना बहा रहे हैं, वही कल समाज, प्रदेश और देश का नेतृत्व करेंगे। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं।

महापौर श्री रोहरा ने आगे कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण-शहरी भेद को समाप्त कर हर प्रतिभावान खिलाड़ी को आगे आने का अवसर देते हैं। सरकार की मंशा है कि धमतरी का हर युवा केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि अवसर सृजित करने वाला बने।

सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि खेल महोत्सव युवाओं को सकारात्मक दिशा देता है और उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम है। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव को धमतरी जिले में खेल, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## समय पर सही व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : धनंजय



- कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन सप्ताह मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुशासन सप्ताह अंतर्गत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस एवं सदस्य सचिव (रेरा) धनंजय देवांगन थे। उल्लेखनीय है कि जिले में सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर तक मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन-प्रशासन और आम नागरिकों के बीच विश्वास, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री देवांगन ने अपने दीर्घ सेवाकाल के अनुभव साझा किए और कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचना ही सुशासन की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना होना चाहिए। श्री देवांगन ने अधिकारियों को अपने तंत्र को और मजबूत करने, निर्णय लेने में दृढ़ता दिखाने तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की सलाह दी।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पॉवर प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले में विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की संक्षिप्त, लेकिन तथ्यपरक जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने श्री देवांगन को प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

कार्यक्रम में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने अभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक कौशल विकास डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## पंथी नृत्य में भटगांव, मजरकट्टा प्रथम





हटकेशर सतनामी समाज ने आयोजित की पंथी नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरु घासीदासबाबा की जयंती हटकेशर इंदिरा नगर में सतनाम समाज ने धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर चार दिवसीय विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 19 एवं 20 दिसंबर को राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता हुई।

सतनामी समाज हटकेशर के अध्यक्ष जागेश्वर जांगड़े ने बताया कि रायपुर, गरियाबंद, दुर्ग, बालोद, धमतरी जिले के पंथी गीत लोक कलाकारों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। पुरूष वर्ग में 13 टीम तथा महिला वर्ग की 10 टीम ने अपनी प्रस्तुति दी। पुरूष वर्ग में प्रथम सत के उज्ज्वल मिनीमाता पंथी दल ग्राम भटगांव जिला रायपुर, द्वितीय सत के संदेशिया लोक पंथी नृत्य दल ग्राम रीको नया रायपुर, तृतीय सत्य के अंजोर पंथी दल ग्राम रेंगाकठेरा बालोद, चतुर्थ सतनाम के संदेश पंथी दल ग्राम कुंडेल धमतरी ने प्राप्त किया।

महिला वर्ग में जय सतनाम बालिका पंथी पार्टी ग्राम मजरकट्टा गरियाबंद प्रथम, जय सतनाम बालिका पंथी दल ग्राम पेंडरवानी बालोद द्वितीय, रूनझुन बालिका पंथी दल नवागांव कंडेल धमतरी तृतीय तथा जय सतखोजी बालिका पंथी दल ग्राम बंजारी धमतरी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बेस्ट वादन में सांकरा, बेस्ट गायन में अशोगा, बेस्ट मीनार में छाती, बेस्ट झांकी में अर्जुनी टिकरी अर्जुंदा, बेस्ट नृत्य में मोतिमपुर को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू तथा समापन अवसर के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। कार्यक्रम में भोज मारकंडे, थानू लहरे, हुसनदास, राजकुमार लहरे, मनोज बघेल, अमनदास जोशी सहित समाजजनों का योगदान रहा।

## सुखराम नागे कालेज में वीर बाल दिवस मना



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह के छोटे बेटे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. खालसा ने प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्टर में वीडियो के माध्यम से वीर बालकों की जीवनी एवं संघर्ष को विस्तार से बताते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए मुगलों के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ किया। उनके दो बड़े पुत्र अजीत सिंह, जुझार सिंह शहीद हुए। छोटे पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह जो मात्र 9 वर्ष और 6 वर्ष की आयु के थे, ने धर्म के रक्षा के लिए अपनी शहादत दी। भारत सरकार द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को साहसी बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करती है। प्रो. ठाकुर ने कहा की वीर साहिबजादों का त्याग हमें प्रेरणा देता है कि कठिन परिस्थिति में भी धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा करनी चाहिए।

## अंचल की खबरें

### पैरा जूडो चैंपियनशिप में जीते पदक



**धमतरी।** राजस्थान में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय पैरा जूडो चैंपियनशिप 2025 में जिले के दिव्यांग आवासीय विद्यालय एक्जेक्ट फाउंडेशन रूद्री के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। सेवती ने 52 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। महेश्वर ने 50 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि पैरा जूडो स्पर्धा में हासिल की। कोच देवश्री जोशी थे।

### सहकारी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : ज्योति



**अंवरी।** रायपुर में आयोजित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष बॉबी कश्यप का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सहकारी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में बैंक और अधिक सशक्त होकर किसानों, आमजनों एवं स्व-सहायता समूहों को लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव व कुशल नेतृत्व से सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिलेगी।

### अजेश बने वाहन चालक संघ के अध्यक्ष



**धमतरी।** शासकीय एवं अर्धशासकीय वाहन चालक संघ को मजबूती देने के लिए मंगलवार को जिलाध्यक्ष का चयन किया गया। इसके लिए संघ के सदस्यों की एक बैठक हुई, जिसमें अजेश नागवंशी को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक संघ के प्रांताध्यक्ष ताराचंद साहू की उपस्थिति में कलेक्टोरेट के कंपोजिट बिल्डिंग गार्डन में मंगलवार को जिलाध्यक्ष का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से अजेश नागवंशी को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में वाहिद खान, गोपाल यदु, राजेश कुर्रे, गौकरण साहू, कमलेश शोरी, भूपेंद साहू, भूपेश विश्वकर्मा, भूपेश साहू, जनक सिन्हा, प्रमेन्द्र सिन्हा, श्यामलाल साहू, मोहन, राजेंद्र मरकाम, कमलेश साहू, मनोज सिन्हा उपस्थित थे।

### नपं अध्यक्ष ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



**अंवरी।** नगर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने एक से पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की पिलाकर अभियान की शुरुआत की। अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि पोलियो उन्मूलन देश की बड़ी उपलब्धि है और इसे बनाए रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की भागीदारी आवश्यक है। बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक देना उनके स्वस्थ व सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। कार्यक्रम में आरएमए डॉ. गौरव बंगानी, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण दुमेन्द्र गंगबेल सहित अस्पताल स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। माता-पिता बच्चों को लेकर पहुंचे। सबको चॉकलेट दी गई।

### भाजपाइयों ने अटल चौक परिसर की सफाई की



**नगरी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने से पूर्व नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद साहू, धैर्य साहू एवं बाबा सार्वा द्वारा अटल चौक एवं उसके आसपास व्यापक साफ-सफाई की गई। नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अटल चौक परिसर की स्वच्छता कर अटल जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा आमजन को स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्थलों की देखभाल का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं स्वच्छ राजनीतिक मूल्यों का प्रतीक रहा है, जिनसे प्रेरणा लेकर सुशासन दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के साथ अटल जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की।

---

गैस संचालकों ने पत्रकार वार्ता में योजना से जुड़ी जानकारी साझा की

# उज्ज्वला 3.0 की शुरुआत, 25 लाख नए मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ और सुरक्षित रसोई ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तीसरे चरण (उज्ज्वला 3.0) के तहत देशभर में 25 लाख अतिरिक्त निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के लिए आवेदन भी लिए जाने लगे हैं।

धमतरी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान गैस वितरण कंपनियों के अधिकारियों ने योजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में की गई थी, जिसका उद्देश्य गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को बिना किसी जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है। अब तक इस योजना के अंतर्गत देश में 10.33 करोड़ से अधिक कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं, जिससे लाखों परिवारों को धुएं से मुक्त रसोई का लाभ मिला है।



#### कौन होंगे पात्र

उज्ज्वला 3.0 के तहत उन्हीं गरीब परिवारों की महिलाएं आवेदन कर सकेंगी, जिनके घर में पहले से कोई एलपीजी कनेक्शन नहीं है। पात्रता का निर्धारण वचन घोषणा पत्र के आधार पर किया जाएगा, जिसकी पुष्टि जिला उज्ज्वला समिति द्वारा की जाएगी।

#### दस्तावेज होंगे जरूरी

आवेदन के लिए केवाईसी फॉर्म (फोटो सहित), निवास प्रमाण पत्र, परिवार संरचना से संबंधित दस्तावेज (राशन कार्ड या राज्य शासन द्वारा जारी प्रमाण- पत्र), आवेदक एवं परिवार के सभी वयस्क सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण और वचन घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

#### ऐसे करें आवेदन

लाभार्थी नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप, ऑनलाइन माध्यम या फिर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के जरिए आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी पैकेज प्रदान किया जाएगा, जिसमें बिना डिपॉजिट का सिलेंडर, प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज, घरेलू गैस उपभोक्ता कार्ड, प्रशासनिक शुल्क में छूट, निःशुल्क गैस चूल्हा और पहला गैस रिफिल शामिल है।

उन्होंने बताया कि धमतरी जिले में वर्तमान में 1 लाख 36 हजार 660 उज्ज्वला गैस कनेक्शन हैं, जिनमें से 83.4 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी करा ली है। वहीं जिले में 14 गैस वितरकों के माध्यम से कुल 2 लाख 31 हजार गैस कनेक्शनधारी हैं, जिनमें केवल 74.7 प्रतिशत की ही ई-केवाईसी हुई है। अब भी 46 हजार 426 उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी लंबित है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत प्रत्येक रिफिल पर 360 रुपये की सब्सिडी दी जाती है और एक परिवार को केवल एक ही गैस कनेक्शन का लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर कंपनी के नितिन जैन, निर्मल माहेश्वरी के अलावा स्थानीय वितरक मोहनलाल अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, हेतल संघवी, रेखा मंडावी, मनोज साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### ई-केवाईसी अब भी बड़ी चुनौती

पत्रकार वार्ता में इंडियन ऑयल के मंडल एलपीजी प्रमुख श्रीपद बक्शी और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अधिकारी मंगेश डोंगरे ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत देशभर में 25 लाख नए कनेक्शन दिए जाने हैं और इसके लिए किसी जिले को अलग से लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। जहां से जितने अधिक पात्र आवेदन आएंगे, उन्हें लाभ दिया जाएगा।

---

# आलेखुंटा में पंथी स्पर्धा का शुभारंभ, निकली कलशयात्रा



- 26 को मड़ई पर होगी मनमोहनी गुंईया की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम आलेखुंटा में सतनामी समाज और ग्रामवासियों के सहयोग से 24 से 26 दिसंबर तक पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। बुधवार को सतनामी समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। दोपहर में कलश स्थापना की गई।

शुभारंभ अवसर पर दोपहर 12 बजे अजय चंद्राकर विधायक कुरूद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस स्पर्धा में प्रत्येक विजेता मंडली को प्रतीक चिन्ह सहित प्रथम पुरस्कार 9001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए प्रदान किया जायेगा। 101 रुपए के प्रवेश शुल्क के साथ विभिन्न पंथी पार्टी लगातार अपनी प्रस्तुति दे रही है। 26 दिसंबर शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। साथ ही लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहनी गुंईया (हेमलाल चतुर्वेदी) बेमेतरा की प्रस्तुति होगी। पंथी स्पर्धा देखने दर्शकों की भीड़ लग रही है।

कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष दीपक कुमार मनहर, उपाध्यक्ष मंशाराम चतुर्वेदी, सचिव दीनूराम मनहरे, कोषाध्यक्ष दुर्गेश बंजारे, परमानंद घृतलहरे, भुनेश्वर मनहरे, संयोजक राजेंद्र मनहरे, जितेंद्र वत्सल, संस्थापक अनिल लहरे, कैलाश मनहरे, अशोक यादव, जीवन लाल समेत कार्यकारिणी सदस्य सेवा दे रहे हैं।

---

# मगरलोड सोसाइटी में 40285.20 क्विंटल धान जाम

- प्रतिदिन खरीदी के बराबर नहीं हो रहा परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के माध्यम से किसानों का धान समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से खरीदा जा रहा है। परिवहन नहीं होने से खरीदी केंद्र में धान जाम हो गया है।



मगरलोड सोसाइटी से प्राप्त जानकारी अनुसार धान बेचने के लिए लगभग 1600 किसान पंजीकृत हैं। अब तक 50% धान खरीदी हो गई है। धान मोटा 12403.20 क्विंटल , पतला 3798 क्विंटल, सरना धान 26654 कुल 42855.20 क्विंटल में से सिर्फ 2570 क्विंटल धान का परिवहन हुआ है। फड़ में 40285.20 क्विंटल धान का पहाड़ खड़ा है। समिति प्रबंधक दीपक साहू ने बताया कि 892 किसानों ने 101599928.80 रूपये की धान खरीदी हो चुकी है। किसानों से 23583768 रूपये की ऋण वसूली हो चुकी है। 77458277 रूपये ऑनलाइन भुगतान किया जा चुका है। प्रतिदिन किसानों से 2250 क्विंटल धान खरीदी हो रही है। फड़ में 1 लाख 713 धान कट्टा जाम पड़ा हुआ है।

मगरलोड सोसाइटी में धान खरीदी तेज गति से चल रही है। प्रतिदिन की धान खरीदी के बराबर धान परिवहन नहीं हो रहा है। धान परिवहन की धीमी गति से समिति प्रबंधक परेशान हैं। धान परिवहन में तेजी नहीं आने से आने वाले समय में सोसाइटी में जगह का अभाव के कारण खरीदी कार्य बंद होने की संभावना बताई जा रही है। धान खरीदी के एक माह बाद परिवहन कछुआ चाल से चल रहा है। सोसाइटी को सूखत की मार झेलनी पड़ सकती है। समिति प्रबंधक ने शासन- प्रशासन से धान परिवहन में तेजी लाने की मांग की है।

---

### आवेदन 6 जनवरी तक मंगाए गए

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत वंदेमातरम वार्ड 15 कुरूद के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 16 में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर भर्ती के लिए 6 जनवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक के जरिए एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में भेजा जा सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है। इन्हें केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जाएगा। कार्यकर्ता पद के लिए 18 से 44 साल तक की आयु वर्ग की बारहवीं अथवा 11 वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण आवेदिका आवेदन कर सकती हैं। आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए, जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। सभी दस्तावेज अभ्यार्थी द्वारा स्व प्रमाणित लगाए जाएंगे।

---

# जनपद सदस्य लिली की शिकायत पर जिला प्रशासन ने लिया संज्ञान

- जनपद सीईओ कुरुद को जानकारी उपलब्ध कराने किया आदेशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद में आय-व्यय की मांगी गई लिखित जानकारी न दिए जाने के सम्बन्ध में जनपद पंचायत कुरुद की सदस्य लिली श्रीवास ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी एवं उप संचालक पंचायत जिला धमतरी को पृथक-पृथक शिकायत पत्र सौंप जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की थी जिस पर जिला प्रशासन ने जनपद सीईओ को जानकारी देने आदेशित किया है।



गौरतलब है कि जनपद सदस्य सुश्री श्रीवास ने 20 नवंबर 2025 को जनपद पंचायत कुरूद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कार्यालय में हुए आय-व्यय की लिखित जानकारी मांगी थी, परन्तु सम्बन्धित अधिकारी द्वारा केवल मौखिक जानकारी दी गई और जब उनके द्वारा लिखित रूप में जानकारी देने का अनुरोध किया तो उनके द्वारा छग पंचायत राज अधिनियम 1995 के नियम 10 का हवाला देते हुए जानकारी देने से मना कर दिया, जबकि यह नियम किसी बाहरी व्यक्ति के लिए है। जिस पर उन्होंने अध्याय 5 धारा 44 की प्रक्रिया 5 का हवाला देकर इसे अपने अधिकारों का उल्लंघन तथा पंचायत कार्यों की पारदर्शिता एवं जवाबदेही के विपरीत है, करार दिया था। इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं धमतरी ने छग पंचायत राज अधिनियम, 1993 में प्रावधानित छग (पंचायत सम्मिलन की प्रक्रिया तथा कामकाज का संचालन) नियम, 1994 घारा 44 (5) के अनुरूप कार्रवाई कर जनपद सदस्य सुश्री श्रीवास को वांछित जानकारी उपलब्ध कराने आदेशित किया है।

---

# बुजुर्ग दंपति को मिला जीवन का सहारा




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर के वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत शीतला पारा हटकेशर क्षेत्र में रहने वाले एक वृद्ध दंपति की दयनीय स्थिति पर अन्नपूर्णा मुहिम ने संवेदनशीलता के साथ सहायता का हाथ बढ़ाया। अत्यधिक वृद्धावस्था और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे इस दंपति के पास आय का कोई स्थायी साधन नहीं था। सीमित पेंशन और न्यूनतम सरकारी सहायता के सहारे उनका जीवन कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा था। जानकारी मिलते ही अन्नपूर्णा मुहिम की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और एक माह के लिए पर्याप्त राशन सामग्री उपलब्ध कराई। ठंड से राहत के लिए कंबल, स्वेटर, जैकेट, बेडशीट, तकिए एवं चप्पल प्रदान की गई। दैनिक जीवन को सहज बनाने हेतु प्लास्टिक कुर्सियां, आवश्यक दवाइयां, पोषण हेतु च्यवनप्राश तथा रसोई गैस सिलेंडर भी भरवाकर दिया गया।पूर्व पार्षद अशोक कुमार कुर्रे ने इस कार्य की प्रशंसा की।

---

# कुरुद में स्थापित होगा सहायक वन संरक्षक का मुख्यालय, विधायक अजय ने दिलाई एक और बड़ी सौगात




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

विधायक अजय चंद्राकर की लगातार कोशिश के बाद क्षेत्र की जनता को एक बड़ी प्रशासनिक सौगात मिली है। राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने रायपुर के सामाजिक वानिकी वनमंडल के अंतर्गत आने वाले सहायक वन संरक्षक का मुख्यालय अब कुरूद में भी स्थापित किया जायेगा।

छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना भी जारी हो गई है। इस फैसले का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब क्षेत्र के लोगों को वन विभाग से जुड़े प्रशासनिक कार्यों के लिए राजधानी की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर कार्यालय खुलने से फाइलों का निपटारा तेज होगा और आम जनता की पहुंच सीधे अधिकारियों तक हो सकेगी।

#### आम आदमी का जीवन सरल बनाने सार्थक पहल

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुरूद विधानसभा के निवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक अजय चंद्राकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक चंद्राकर लगातार ऐसी जमीनी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं जिससे आम आदमी का जीवन सरल हो सके। सहायक वन संरक्षक के यहां बैठने से त्वरित निर्णय लिए जा सकेंगे और स्थानीय संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो पाएगा। यह कदम प्रशासनिक कार्यकुशलता को बढ़ाने के साथ-साथ कुरूद को एक व्यवस्थित और आत्मनिर्भर प्रशासनिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

#### भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित व हरे-भरे भविष्य की नींव

कुरूद में सहायक वन संरक्षक का मुख्यालय स्थापित होने से केवल कागजी कामकाज ही आसान नहीं होगा, बल्कि क्षेत्र के प्राकृतिक संतुलन पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सामाजिक वानिकी, वृक्षारोपण और हरियाली बढ़ाने की सरकारी योजनाएं अब सीधे तौर पर गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी। स्थानीय स्तर पर निगरानी बढ़ने से वन संपदा की सुरक्षा पुख्ता होगी और पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीणों की भागीदारी भी बढ़ेगी। इसे केवल एक कार्यालय का स्थापना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और हरे-भरे भविष्य की नींव के रूप में देखा जा रहा है।

---

साईं जन्मोत्सव व नववर्ष मिलन समारोह में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# छोटा शिरडी धाम कुकरेल बना आस्था का महाकुंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कुकरेल स्थित छोटा शिरडी धाम में 23 दिसंबर को आयोजित साईं जन्मोत्सव, स्थापना दिवस एवं नववर्ष मिलन समारोह ने श्रद्धा, भक्ति और सेवा की अद्भुत मिसाल पेश की। सुबह से ही साईं भक्तों का जनसैलाब मंदिर परिसर में उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र साईं राम के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 4 बजे बाबा साईंनाथ की काकड़ आरती से हुई। इसके पश्चात शाही स्नान, विधिवत पूजन-पाठ, जाप-तप और आरती का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक साईं चरित्र पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं सर्व देवताओं के आह्वान के साथ वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु ध्यान, भजन और नामस्मरण में लीन नजर आए। सुबह 11 बजे बाबा साईं की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और ग्राम भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बाबा का स्वागत किया गया।

दोपहर 12 बजे हवन, पूजन एवं पूर्णाहुति का आयोजन हुआ। इसके बाद 1 बजे विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर बाद 3 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों और बच्चों ने भजन, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन एवं सामाजिक गतिविधियों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर आयोजन स्थल पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसका लाभ आसपास के ग्रामीणों एवं जरूरतमंदों ने लिया। कार्यक्रम का संचालन श्री साईं सेवा एवं विकास समिति द्वारा किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने आयोजन में सहयोग देने वाले श्रद्धालुओं, ग्रामीणों, दानदाताओं एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### अटल परिसर का लोकार्पण एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन आज

**नगरी।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 गुड़ियारी तालाब के समीप नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण आज होगा। इस परिसर में छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसका अनावरण छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव आज सुबह 12:30 बजे रायपुर से वर्चुअल करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर पंचायत के राजा बाड़ा परिसर में किया जाएगा। इसी क्रम में नगर के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन भी किया जाएगा, जो नगर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 103 करोड़ की ऐतिहासिक स्वीकृति से धमतरी को मिली विकास की रफ्तार

**धमतरी।** धमतरी की जनता से जो वादा किया गया था, वह आज पूरी ताकत और ईमानदारी के साथ निभाया गया है। रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक 4.40 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 43 करोड़ रुपये तथा सिहावा चौक से नहर नाका चौक तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 60 करोड़ रुपये कुल 103 करोड़ रुपये की स्वीकृति इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भाजपा सरकार सिर्फ भाषण नहीं देती, काम करके दिखाती है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह फैसला उन लोगों के लिए करारा जवाब है, जो वर्षों तक केवल घोषणाएं करते रहे और जनता को भ्रम में रखते रहे। मैंने सार्वजनिक मंच से जो कहा था, वही करके दिखाया है। महापौर ने कहा कि यह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन और विकास की जीत है। महापौर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा एवं सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके सहयोग से धमतरी को उसका हक मिला है, जिसे पिछली सरकारों ने वर्षों तक टाल कर रखा।



### घर की अलमारी का ताला तोड़कर लाखों के जेवर एवं नकदी की चोरी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत शहर के संजय नगर वार्ड में अज्ञात चोर ने घर के आलमारी में रखे जेवर व नगद पर हाथ साफ कर दिया। थाना में शिकायत करने पहुंचे शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि चोर ने आलमारी के ताला को खोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और चोरी के बाद ताला के चाबी को यथावत उसी स्थान पर रख दिया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे संजय नगर कांकेर निवासी 70 वर्षीय घुनेश्वर राम सिन्हा पिता स्व. गुलाब राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर में पुस्तैनी ज्वेलर्स सोने का चैन, कंगन, झुमका, मंगलसूत्र, अंगूठी वजनी लगभग 10 तोला जिसकी अनुमानित किमत लगभग 8 आठ लाख रुपएं को घर के आलमारी में रख था। किसी अज्ञात चोर द्वारा उक्त ज्वेलर्स एवं नगद 2 हजार 500 रूपएं को चोरी कर आलमारी की चाबी को उसी स्थान में यथावत रख दिया गया था। मेरे द्वारा 22 दिसंबर को शाम 5 बजे चेक करने पर सोने का समान व कैश नहीं था। किसी अज्ञात चोर ने 19 से 22 दिसंबर के मध्य चोरी कर लिया गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

अधिकांश खरीदी केंद्रों की लिमिट बढ़ी, कुरमातराई में यथावत

# धान खरीदी : कहीं किसान खुश, तो कहीं निराश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


फाइल फोटो

धान खरीदी को लेकर शासन-प्रशासन की दोहरी नीति देखने को मिल रही है। एक ओर जहां सभी धान खरीदी केंद्रों की लिमिट बढ़ाकर खरीदी में तेजी लाई गई है, वहीं कुरमातराई धान खरीदी केंद्र की लिमिट को यथावत रखा गया है। इतनी लिमिट में खरीदी की अंतिम तिथि तक सभी किसानों से धान खरीदना नामुमकिन है।

धान खरीदी को अब सिर्फ एक माह पांच दिन ही शेष हैं। शनिवार, रविवार सहित अन्य छुट्टियों को काट दें तो खरीदी के लिए काफी कम समय शेष है। उधर खरीदी केंद्रों में लिमिट कम होने से खरीदी की रफ्तार धीमी थी। किसान लगातार लिमिट बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

कई बार सहकारी समितियों से आवेदन उच्चाधिकारियों को फारवर्ड किया गया। इसका सार्थक परिणाम आया। एक के बाद एक अधिकांश खरीदी केंद्रों की लिमिट बढ़ा दी गई है। डाही, देमार सहित कुछ खरीदी केंद्रों की लिमिट बुधवार को बढ़ाई गई। इससे पहले तरसींवा, कुर्रा, भेंड्रा, पचपेड़ी, जुगदेही सहित अन्य कई खरीदी केंद्रों की लिमिट बढ़ा दी गई थी। उल्लेखनीय है कि खरीदी की लिमिट डेढ़ गुना से ज्यादा बढ़ाई गई है। इस लिमिट में अब सभी किसानों से आसानी से धान खरीदा जा सकेगा।

**सुविधा**

देमार धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है। यहां पहले रोजाना 1000 क्विंटल धान की खरीदी हो रही थी। अब प्रतिदिन 1600 क्विंटल धान की खरीदी होगी। इस लिमिट में सभी किसानों का धान आसानी से खरीदा जा सकेगा।

**समस्या**

कुरमातराई धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट 927 क्विंटल है। कम लिमिट के चलते यहां अब तक 25 प्रतिशत ही धान की खरीदी हो पाई है। किसान लगातार समिति कर्मचारियों पर धान खरीदी के लिए प्रेशर डाल रहे हैं।

### कुरमातराई केंद्र के किसान निराश

कुरमातराई धान खरीदी केंद्र के किसान निराश हैं। इस खरीदी केंद्र में लिमिट मात्र 927 क्विंटल प्रतिदिन है। अब तक मात्र 25 प्रतिशत ही धान खरीदी हो पाई है। किसानों ने बताया कि सभी किसानों से धान खरीदना है तो लिमिट कम से कम 1700 क्विंटल प्रतिदिन करनी होगी। कई बार मांग करने के बाद भी अब तक लिमिट में वृद्धि नहीं की गई है। उधर समिति के कर्मचारी भी परेशान हैं। किसान धान नहीं बिकने पर गुस्सा इन्हीं छोटे कर्मचारियों पर उतार रहे हैं। कई बार गाली-गलौज और मारपीट की नौबत भी आ चुकी है। किसानों ने अन्य खरीदी केंद्र की तरह कुरमातराई धान खरीदी केंद्र की लिमिट भी बढ़ाने की मांग की है।

## शिव महापुराण कथा से गूंजा धर्म और राष्ट्र का संदेश



- शिवशक्ति के आदर्शों पर चलकर ही सशक्त समाज और सशक्त भारत का निर्माण : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बनियापारा में शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा में संत कामताप्रसाद शरण के श्रीमुख से व्यासपीठ पर भगवान शंकर एवं माता पार्वती की दिव्य कथाओं का वाचन हुआ। कथा स्थल हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा ने भगवान शिव एवं माता पार्वती का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर श्री रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान शिव सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। शिव-शक्ति का दर्शन हमें सिखाता है कि जब धर्म के साथ शक्ति जुड़ती है, तब समाज ही नहीं, राष्ट्र भी सशक्त बनता है।

शिव महापुराण केवल कथा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का विचार है। तप, त्याग, अनुशासन और करुणा यही शिव का मार्ग है और यही सुशासन का मूल मंत्र भी है। शिव शक्ति महिला मंडल की प्रशंसा करते हुए महापौर ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में हो रहे धार्मिक आयोजनों से सनातन संस्कार घर-घर तक पहुंच रहे हैं, जो आने वाली पीढ़ी के चरित्र निर्माण की मजबूत नींव हैं।

## मड़ई मेला में युवक पर जानलेवा हमला

- चार दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं, परिजनों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद थाना अंतर्गत ग्राम डाही में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम के दौरान बीते शनिवार की रात्रि एक युवक पर गंभीर व जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में रामानंद ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका जिला चिकित्सालय धमतरी में इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेले के दौरान मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ युवकों द्वारा रामानंद ध्रुव के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। आरोप है कि आरोपियों ने संगठित होकर युवक को घेर लिया। लोहे की रॉड, मुक्कों एवं चाकू से हमला किया गया। बीच-बचाव करने आए युवक तुषार सेन के साथ भी मारपीट की गई तथा उस पर भी चाकू से हमला किया गया। घटना के बाद स्थानीय युवकों द्वारा घायल रामानंद ध्रुव को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। नागरिकों ने निष्पक्ष जांच एवं त्वरित पुलिस कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, तहसील अध्यक्ष देवनाथ नेताम, गोंड समाज अध्यक्ष ललित ठाकुर, कार्यवाहक अध्यक्ष तेजराम छेदैया के नेतृत्व में गोंड़ समाज के युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दोषियों के खिलाफ एसटी,एससी, धारा लगाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग कुरूद थाना प्रभारी चंद्रकांत साहू से की है। इस दौरान संतोष सोरी, सुभाष कतलम, पोखराज नेताम, राधे लाल मंडावी, प्रेमलता नेताम, बसंत पडौटी सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

**दोषियों के खिलाफ करे कठोर कार्रवाई**

पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद संबंधित थाना द्वारा अब तक प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज नहीं की गई है, न ही घायल युवक का बयान लिया गया है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित के पिता द्वारा पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर मामले में शीघ्र एफआईआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

**दोषियों पर होगी कार्रवाई**

पीड़ित को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय धमतरी रिफर किया गया है। मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ नियमतः कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

\- **चंद्रकांत साहू**, *टीआई कुरुद*

## खरमास में थमीं शहनाइयां, 14 जनवरी तक मांगलिक कार्यों पर ब्रेक

- इस अवधि में दान-पुण्य, जप-तप और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



हिंदू पंचांग के अनुसार सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास की शुरुआत हो जाती है और इसी के साथ मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। इस वर्ष भी खरमास के चलते विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, उपनयन संस्कार सहित अन्य शुभ कार्यों पर रोक लग गई है, जो 14 जनवरी मकर संक्रांति तक प्रभावी रहेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि को साधना, दान और संयम का समय माना जाता है, न कि नए शुभारंभ का।

ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि शास्त्रों में खरमास को देवताओं की रात्रि कहा गया है, इस कारण इस दौरान किए गए मांगलिक कर्म फलदायी नहीं माने जाते। उन्होंने कहा कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही पुनः शुभ मुहूर्त आरंभ हो जाएंगे और इसके बाद विवाह सहित सभी संस्कार विधिवत किए जा सकेंगे। पंडित सूरज तिवारी के अनुसार इस अवधि में दान-पुण्य, जप-तप और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व होता है, जिससे व्यक्ति को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण शरण तिवारी ने बताया कि खरमास के दौरान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, कथा और भजन-कीर्तन का आयोजन बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि इस समय भगवान विष्णु और सूर्य उपासना का विशेष महत्व है।

उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विवाह की तैयारियों में अस्थायी ठहराव देखा जा रहा है, लेकिन मकर संक्रांति के बाद लग्नों की भरमार के चलते शादियों का मौसम फिर से रफ्तार पकड़ेगा। खरमास के चलते बाजारों में भी हल्की सुस्ती देखी जा रही है। मैरिज गार्डन, कैटरर्स और बैंड-बाजे से जुड़े व्यवसायों में अस्थायी ठहराव आया है, हालांकि व्यापारी इसे परंपरा का हिस्सा मानते हैं। धार्मिक दृष्टि से देखें तो यह समय आत्मचिंतन और संयम का संदेश देता है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के साथ ही सूर्य उत्तरायण होंगे और उसी दिन से एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। मांगलिक कार्यों का सिलसिला पूरे उत्साह के साथ शुरू होगा।

## कुरुद विस के गांवों में होंगे 50 लाख के विकास कार्य

- बुनियादी अधोसंरचना एवं सामुदायिक सुविधाओं का होगा विस्तार

**कुरुद।** क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर के विशेष प्रयास और प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 50 लाख की राशि को मंजूरी प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण बजट से कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बुनियादी अधोसंरचना और सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत इस राशि से कुल 9 प्रमुख निर्माण कार्य संपन्न होंगे। इसमें सामुदायिक भवनों से लेकर सीसी रोड तक के कार्य शामिल हैं। ग्राम सेमरा बी चांदापारा में रंगमंच निर्माण 3.50 लाख, ग्राम मंदरौद सोनकर पारा में सामुदायिक भवन 6.50 लाख, ग्राम भेण्डरा सतनामी पारा में सामुदायिक भवन 6.50 लाख, ग्राम कचना मेन रोड से मुक्तिधाम तक सीसी रोड 200 मी. 5.20 लाख, ग्राम कचना तेजराम चक्रधारी के घर से गौटनीन घर तक सीसी रोड 200 मी.5.20 लाख, ग्राम जोरातराई गंधारी घर से मेन रोड तक सीसी रोड 300 मी.7.80 लाख, ग्राम दर्रा शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन 6.50 लाख, ग्राम अटंग अमृतपुर रंगमंच के सामने कांक्रीटीकरण 3.60 लाख, परसट्टी मगरलोड शिव मंदिर से शीतला मंदिर तक सीसी रोड 200 मी.5.20 लाख शामिल है। इन स्वीकृतियों के बाद क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि ग्रामीण अंचल की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। सीसी रोड निर्माण से बारिश के दिनों में कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी और परिवहन सुलभ होगा। नवीन सामुदायिक भवनों और रंगमंचों के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थान प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।



गांधी मैदान में दिया धरना, भाजपा सरकार पर लगाया तानाशाही का आरोप

# मनरेगा का नाम बदलने से कांग्रेसियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदले जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को गांधी मैदान में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर तानाशाही और जनविरोधी सोच अपनाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि मनरेगा के नाम और उसके मूल स्वरूप से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

धरने में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, लक्ष्मी ध्रुव, लेखराम साहू, हर्षद मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष विपिन साहू, सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभात राव मेघावाले, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, पूर्व पीसीसी आनंद पवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब, मजदूर और श्रमिक परिवारों के लिए रोजगार और सम्मान की गारंटी है। इसका नाम महात्मा गांधी से जुड़ा है, जिन्होंने सत्य, अहिंसा और श्रम की गरिमा का संदेश दिया। नाम बदलना गांधी जी के विचारों और योगदान का अपमान है।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रही है। यदि मनरेगा के नाम या स्वरूप से छेड़छाड़ हुई तो कांग्रेस आंदोलन और तेज करेगी। पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, लक्ष्मी ध्रुव, लेखराम साहू और हर्षद मेहता ने कहा कि मनरेगा गांवों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इससे लाखों परिवारों का जीवन जुड़ा है।

शरद लोहाना, मोहन लालवानी और विपिन साहू ने कहा कि योजनाओं के नाम बदलने से न तो रोजगार बढ़ेगा और न ही ज़मीनी समस्याएं हल होंगी, यह केवल प्रतीकों की राजनीति है। आनंद पवार, कविता बाबर और प्रभातराव मेघावाले ने बताया कि यूपीए शासनकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2006 में 100 दिन रोजगार की गारंटी के उद्देश्य से मनरेगा की शुरुआत हुई थी।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा ने किया। धरना में घनश्याम साहू, राजू साहू, डीहूराम साहू, आशीष शर्मा, वरिष्ठ नेता गोपाल शर्मा, अरविंद दोशी, डॉ. विजय प्रकाश जैन, वसीम कुरैशी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, महिला ग्रामीण अध्यक्ष अंबिका सिन्हा, शास्त्री सोनवानी, सेवादल जिलाध्यक्ष होरीलाल साहू, जिला महामंत्री आलोक जाधव, आशीष थिटे, जिला सचिव विक्रांत पवार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा मरकाम, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव उदित नारायण साहू, जानसिंग यादव, पूर्व पार्षद राजेश पाण्डेय, सोमेश मेश्राम, राजेश ठाकुर, विक्रांत शर्मा, शैलेन्द्र दीवान, पीयूष पांडे, मीना बंजारे, महिम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के मामले में धमतरी निगम प्रदेश में नंबर वन : होरा



- कमीशनखोरी, लचर व्यवस्था, भ्रटाचार निगम की पहचान : लेखराम
- कांग्रेस पार्षदों के धरना प्रदर्शन को समर्थन देने पूर्व विधायक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेस पार्षदों का धरना प्रदर्शन जारी है। धरना प्रदर्शन के पांचवें दिन पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, लेखराम साहू पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा ने कहा कि धमतरी नगर निगम भ्रटाचार में पूरे प्रदेश में नंबर वन है। डीजल से बाइक इसी निगम में चलती है। करोड़ों की फंड बात करने वाले धरातल पर एक रुपए का काम नहीं करा नहीं पा रहे।

पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि महापौर की आंखों में पट्टी लगी हुई है। अंधेर नगरी चौपट राजा वाला किस्सा है। कमीशनखोरी , लचर व्यवस्था, भ्रटाचार निगम की पहचान बन गई है। कांग्रेस पार्षदों ने काले रंग के कपड़े, काला फीता लगाकर प्रदर्शन किया। पार्षदों ने कहा कि 40 वार्डों की जनता अपने आपको ठगा महसूस करने लगी है। सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। जल व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। महीने में चार दिन शहरवासियों को पानी नहीं मिल पा रहा है। बिजली खंभे से लाइट ही नहीं है। विकास कार्य ठप पड़ा है। पेंशन योजना का लाभ 7 महीने से नहीं मिल रहा है। बुजुर्गों को निगम के चक्कर कटवा रहे हैं। महापौर के लिए निगम कार्य से ज्यादा महत्वपूर्ण संगठन का प्रभार महत्वपूर्ण है। इस सिलसिले में अक्सर शहर से बाहर रहते है।

धरना स्थल पर नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, पार्षद योगेश लाल, सूरज गहरवाल, सुमन मेश्राम, पूर्णिमा रजक, रामेश्वरी कोसरे, उमा भागी ध्रुव, गणेश्वरी कामडे, पूर्व पार्षद रानी मीनपाल, कैलाश सोनकर, सोमेश मेश्राम, पीयूष पांडे, विक्रांत शर्मा, शबीना अंजुम, कैलाश सोनकर, अनिल मसीह, अवधेश पांडे उपस्थित थे ।

## जिले में 99.37 प्रतिशत बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- लक्ष्य के करीब पहुंचा स्वास्थ्य विभाग

राष्ट्रीय पल्स पोलियो के तीन दिवसीय अभियान में जिले के 99.37 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाकर स्वास्थ्य विभाग लक्ष्य के करीब पहुंच गया है। जिले में 21 से 23 दिसम्बर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्य पोलियो अभियान चलाया गया। अभियान में जिले को 1 लाख 10 हजार 553 का अनुमानित लक्ष्य मिला था जिनके विरूद्ध 1 लाख 9 हजार 855 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई है जो दिये गये लक्ष्य का 99.37 प्रतिशत है। कुरूद ग्रामीण में 27573 बच्चे, कुरूद शहर में 2720, मगरलोड ब्लाक में 16711, गुजरा ब्लाक में 24581, नगरी ब्लाक में 24347 एवं धमतरी शहर में 13 हजार 923 शून्य से पांच साल के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई है। पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथ, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूलों, पंचायत भवन में पोलियों की दवाई पिलाई गई।

दूसरे व तीसरे दिवस 1 लाख 82 हजार 235 घरों में पहुंच गृह भेंटकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर मकानों में पल्स पोलियो संबंधित मार्किंग की गई। बस स्टैंड, रेलवे प्लेटफार्म व हाई रिस्क एरिया जैसे ईंट भट्ठा, कोयला भट्ठा, निर्माण क्षेत्र व घुमन्तु परिवार को ट्रांजिट दल एवं मोबाइल दलों द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई गई। सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने बताया कि इस अभियान में जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, पंचायत सदस्यों, कोटवारों, स्वयंसेवी संस्था, नगर निगम एवं जागरूक पालकों का अमूल्य सहयोग रहा।

### श्रीमद् भागवत गीता की कलशयात्रा निकली



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड में मंडलेश्वर महादेव सेवा समिति एवं नगरवासी द्वारा श्री शिव महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 24 से 30 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचक पं. रविप्रसाद दुबे मगरलोड वाले होंगे। 24 दिसंबर को समिति व नगरवासियों द्वारा बाजे-गाजे के साथ श्रीमद् भागवत गीता की कलश यात्रा नगर में निकाली गई।

## जिला पंचायत ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी : गजेंद्र सिंह

- नये सीईओ ने संभाला पदभार, जवाबदेही और टीमवर्क को आवश्यक बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला पंचायत धमतरी में नवनियुक्त 25वें मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर (आईएएस) ने सोमवार की सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय परिसर का अवलोकन किया तथा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। श्री ठाकुर ने सभी से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि जिला पंचायत ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है और इसके माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे आम जनता तक पहुंचती हैं। जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर चर्चा की। शासन के निर्देशों का पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्य संस्कृति में अनुशासन, जवाबदेही और टीमवर्क को आवश्यक बताते हुए कहा कि अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों बनी रहे। इस अवसर पर चंदन टंडन लेखाधिकारी, नकुल प्रसाद वर्मा उपसंचालक पंचायत एवं सभी अधिकारी- कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।


Happy New Year
Merry
CHRISTMAS


समस्त क्षेत्रवासियों एवं मसीही समाजजनों को
क्रिसमस की हार्दिक बधाई
योगेश लाल पार्षद - रिसाईपारा पश्चिम, धमतरी


क्रिसमस और नववर्ष
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
U-Dise Code 22133010109
CBSE Aff.No. 3330021
Mennonite English Sr. Sec. School
Ratnabandha Road, Dhamtari (C.G.)
Admission Open : Nursery to class 9th and 11th
Streams : Biology Mathematics Commerce Agriculture
OUR UNIQUE FEATURES -
1. Strong, experienced Management, having more than 100 years of experience of running educational institutions.
2. The first English Medium Senior Secondary School in Dhamtari district, affiliated to CBSE Delhi.
3. Trained, qualified, smart and experienced teachers.
4. Well equipped Science, Maths, Home Science and Computer labs.
5. Strong communication skills, life skills are practiced and developed.
6. Determined to motivate students to enjoy the real opportunities in life.
7. Constantly growing with innovative ideas to increase confidence level and set then outstanding in the crowd.
8. Physical Education and huge playground.
9. Pollution free, healthy, safe and disciplined atmosphere.
10. Rich library-updated every year.
11. Educational tours for increasing knowledge.
12. Play and learn method for teaching in lower classes.
13. Developing creativity through assignments and projects.
14. National, State and School level competition in various fields.
15. Developing awareness about environment through Environment Education.
16. Affordable fee, scholarships given for genuine candidates.


CH चटर्जी हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक, रुद्री रोड, धमतरी मो. : 7000627909, 07722296001
समस्त क्षेत्रवासियों एवं मसीही समाजजनों को
क्रिसमस एवं नव वर्ष
की हार्दिक बधाई
डॉ. कृतिका चटर्जी
MBBS, MD (Pathology)
डॉ. वीणा चटर्जी
एवं परिवार
डॉ. सुधीर चटर्जी
MBBS, MD (Medicine)
CCEBDM (Diabetes)
Start the Month with savings
40% OFF ON ALL TEST ON 1st OF EVERY MONTH
आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध
सुविधाएं
कमर दर्द / हाथ पैर दर्द का इलाज
हृदय रोग संबंधित बीमारियों का इलाज
डॉयलिसिस सुविधा
24 HOUR SERVICE
Cardio Diabetic Center
लकवा एवं मिर्गी का इलाज
खून एवं पेशाब जांच की सुविधा
ओपीडी का समय : प्रातः 11 से 5 बजे तक


पूर्व अध्यक्ष
नगर पंचायत कुरुद
25 DEC
श्री तपन चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
तपन चन्द्राकर
पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद
विनीत - समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता कुरुद विधानसभा